अग्रवाल महाविद्यालय में एनीमिया भगाओ अभियान

महाविद्यालय में 27,28,30 और 31 मार्च, 2017 को छात्राओं को एनीमिया (रक्ताल्पता) के प्रति जागरुक करने के लिए रोटरी क्लब ईस्ट, फरीदाबाद के सहयोग से चार दिन तक रक्त जाँच का आयोजन किया गया I जिसमें 1300 छात्राओं के रक्त की हीमोग्लोबिन की जाँच की गई और यह पाया गया कि 40 प्रतिशत छात्राएँ एनीमिया या रक्त की कमी से प्रभावित हैं I 31 मार्च, 2017 को महाविद्यालय के सभागार में शिविर के समापन अवसर पर एस.डी.एम. बल्लबगढ़ श्री अमरदीप जैन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे उन्होंने संबोधित करते हुए बताया कि हमें फरीदाबाद जिले को एनीमिया मुक्त करने के लिए प्रयत्नबद्ध रहना है I यह समापन नहीं बल्कि एनीमिया को नियंत्रित करने के लिए एक शुरुआत है ၊ इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ बालिकाएं ही स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज तथा राष्ट्र का निर्माण कर सकती हैं I इस कार्यक्रम में सर्वोदय अस्पताल, फरीदाबाद के डॉ. नविलय आदित्य मुरली ने रक्त की कमी के कारणों और उपचार के विषय में विस्तृत जानकारी दी, तत्पश्चात् डायटीशियन प्रिया अग्रवाल ने भोजन में हरी सब्जियों और मौसमी फलों के अधिक से अधिक सेवन पर बल दिया I रोटरी क्लब के प्रधान श्री गुलशन नारंग ने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र में भी इस अभियान को जारी रखते हुए मॉनीटरिंग करेंगे ताकि एक भी छात्रा एनीमिया से ग्रस्त ना रहे I मंच संचालन क्लब के सचिव सी.ए. तरुण कुमार गुप्ता ने किया ၊ इस अवसर पर रोटरी क्लब के एच.एल.भूटानी, डॉ. वर्मा , श्री सुभाष एवं महाविद्यालय के युवा रैड क्रॉस के तीनों संयोजक डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. विनोद राठी और डॉ. ऊषा चौधरी तथा पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. रामचन्द्र उपस्थित थे I